भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1915

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 21 दिसम्बर, 2018/30 अग्रहायण, 1940 (शक) को दिया जाना है)

उत्पाद शुल्क

†1915. श्री मल्लिकार्जुन खड़गेः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2013-14 से लेकर आज की तिथि तक वर्ष-वार पेट्रोल और डीजल पर वार्षिक उत्पाद शुल्क संग्रहण का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का सामना करने के लिए अक्तूबर, 2018 में हाल ही में घोषित उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण सरकार को कितनी अनुमानित हानि हुई है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव प्रताप शुक्ल)

(क): वसूले गए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (करोड़ रुपये में) का ब्यौरा नीचे सारणी में दिया गया हैः

वित्त वर्ष	पेट्रोल/मोटर स्प्रिट	डीजल/हाई स्पीड डीजल
2013-14	21416.4	24969.4
2014-15	28526.2	41462.6
2015-16	51887.7	101177.0
2016-17	69164.0	151213.9
2017-18	73516.8	150405.2
2018-19 (अप्रैल-सितम्बर)	25318.1	46548.8

[स्रोतः डाटा प्रबंधन निदेशालय]

(ख): दिनाँक 04 अक्टूबर, 2018 को पेट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कमी किए जाने के कारण चालू वित्तीय वर्ष के बाकी हिस्से के दौरान केन्द्र सरकार को 7000 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है।

*****